प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 31.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राष्ट्रीय जाँच एजेंसी एनआईए की एक विशेष अदालत ने आज वर्ष 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित सभी सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत न पाये जाने पर ये फैसला सुनाया। गौरतलब है कि साल 2011 में एनआईए ने इस मामले को अपने हाथ में लिया था। 29 सितंबर 2008 को नासिक के मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास मोटर साइकिल में विस्फोट से छह लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए। मालेगांव विस्फोट मामला महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते के पास पहला मामला था।

0000

प्रदेश में अब तक हुई मानसून की अच्छी बारिश से नदी नालों और जलाशयों में पानी की अच्छी आवक हुई है। कई बांध ऑवर फ्लो चल रहे है। वही बहुत से बांध पूर्ण भराव क्षमता के करीब है। पश्चिमी राजस्थान के सबसे बडे जवाई बांध का जलस्तर बढकर 40 फीट पंहुच गया है। बांध की कुल भराव क्षमता 61 फीट है। इधर जालौर का बाकली बांध ऑवरफ्लो होने को है। जिला प्रशासन ने बांध के भरने के मद्देनजर कैचमेन्ट क्षेत्र में बसे गांवों के लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए है। दौसा का लालसोट स्थित मोरेल बांध भी ओवरफ्लो हो गया है। बांध पर डेढ फीट चादर चल रही है। दूसरी ओर कोटा बैराज से आये पानी के चलते चम्बल नदी आज भी उफान पर है। धौलपुर जिले में नदी खतरे के निशान से 11 मीटर ऊपर बह रही है। जिले में एतिहातन सेना को बुलाया गया है। कोटा जिले के इटावा में पार्वती नदी में तेज उफान आने से राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच संपर्क कट गया है। इस बीच प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर बारिश की गतिविधियां बनी रही। राजधानी जयपुर के साथ पूर्वी और दक्षिणी भागों में सुबह से रिमझिम वर्षा का दौर चल रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आज अजमेर, जयपुर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी और अति भारी वर्षा की चेतावनी दी है। कोटा, उदयपुर, और भरतपुर संभाग में बारिश की मध्यम गतिविधियां जारी रह सकती है। विभाग के अनुसार कल से अधिकांश जिलों में तेज बारिश से राहत मिलने की संभावना है। हालांकि शेखावाटी क्षेत्र के जिलों और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भारी बरसात की गतिविधियां इस हफ्ते बनी रहने का पूर्वानुमान है।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जनजातीय समाज की जीवनशैली और प्रकृति से गहरे जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा है कि "आदिवासी समाज सदा से ही प्रकृति को माँ के रूप में पूजता आया है। उदयपुर के कोटडा में एक पेड़ मां के नाम अभियान में हिस्सा लेते हुए राज्यपाल ने कहा कि आदिवासी समुदाय के रीति–रिवाज, त्योहार और जीवन मूल्य पर्यावरण संरक्षण से जुड़े हुए हैं। उन्होंने लोगों से इससे सीख लेने की अपील करते हुए अपनी मां की याद में एक पेड लगाकर उसके पालन पोषण का आग्रह किया। राज्यपाल के रूप में 1 साल का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर राज्यपाल जनजाति समुदाय के बीच पंहुचे और उनसे संवाद किया। राज्यपाल, जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी के घर भी गये और उनके परिजनों से मुलाकात की।

0000

राष्ट्र आज महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहा है। उधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिए 13 मार्च 1940 को ब्रिटिश सरकार के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर माइकल ओ. डायर की हत्या कर दी थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी देशभक्ति और वीरता देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उधम सिंह भारत के अमर सपूत थे।

0000

प्रदेश की प्रमुख पदयात्राओं में शामिल डिग्गी कल्याण जी की सालाना पदयात्रा आज जयपुर से रवाना हुई। बीते 6 दशकों से जारी इस पदयात्रा में जयपुर और आसपास के इलाकों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। चौडा रास्ता स्थित ताडकेश्वर महादेव मंदिर से उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पारम्परिक पूजा अर्चना के साथ पदयात्रा को रवाना किया। रिमझिम बारिश के बीच आयोजित यात्रा में शाही लवाजमे के साथ हाथी, घोड़े, ऊंट और बैंड–बाजे शामिल हुए। यात्रा को देखते हुए जयपुर और टोंक में जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम और सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। विभिन्न संगठनों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह–जगह भण्डारे लगाये गये है। पदयात्री चार अगस्त को टोंक के डिग्गीपुरी मंदिर पंहुचेंगे।

0000